8. सर्वनाम

संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। सर्वनाम के प्रयोग से भाषा सहज और स्पष्ट हो जाती है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका सर्वनाम की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ❖ छात्रों से सर्वनाम के बारे में जानें।
- ❖ पृष्ठ 52 पर दिए वाक्य पढ़ें तथा छात्र-छात्राओं से वाक्यों के रंगीन शब्दों के स्थान पर सर्वनामों को रिक्त स्थान में भरने को कहें।
- ❖ सर्वनाम के भेद छात्रों से पूछें तदुपरांत स्वयं उन्हें बताएँ।
- ❖ पृष्ठ-53-54 पर दिए सर्वनाम भेदों को एक-एक करके समझाएँ।
- ❖ पूछें, उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष तथा अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम किनके लिए प्रयोग होते हैं।
- ❖ बीच-बीच में सर्वनाम के भेदों के उदाहरणों में से सर्वनाम शब्द बताने को कहें।
- ❖ सर्वनाम शब्दों के एकवचन तथा बहुवचन रूपों से अवगत कराएँ।
- ❖ ब्लैकबोर्ड पर वाक्य लिखकर छात्रों से उसमें सर्वनाम पूछें।
- ❖ प्रत्येक छात्र को अभिव्यक्ति का अवसर दें।
- ❖ अभ्यास करवाएँ तथा जाँचें।